# भारत में दूरसंचार नियिंत्रण

## प्रलिम्सि के लयि:

दूरसंचार वभािग (DoT), भारतीय टेलीग्राफ अधनियिम, मोबाइल वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटर (MVNO), 5G, प्रतिउपयोगकर्त्ता औसत राजस्व (ARPU), भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधकिरण (TRAI)।

## मेन्स के लयि:

भारत में दूरसंचार क्षेत्र का महत्त्व और इसके नियिमन की आवश्यकता।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **संचार मंत्रालय** के तहत **दूरसंचार वभािग (DoT)** ने दूरसंचार क्षेत्र को नयिंत्रति करने वाले कानूनी ढाँचे को संशोधति करने की आवश्यकता पर इनपुट आमंत्रति कयिा है।

- इसने परामर्श पत्र भी जारी कयिा है जसिमें नए कानूनी ढाँचे की आवश्यकता का सुझाव दयिा गया है जो**स्पष्ट, सटीक और बदलते अवसरों एवं अनुप्रयुक्त वज्ञिान के अनुरूप है।**

## नए ढाँचे की आवश्यकता:

- भारत में दूरसंचार के लयि कानूनी आधार को भारत की स्वतंत्रता से बहुत पहले बनाए गए कानूनों द्वारा परभिाषति कयिा गया है।
- 1 अक्तूबर, 1885 को **भारतीय टेलीग्राफ अधनियिम** लागू होने के बाद से हाल के दशकों में प्रौद्योगिकी काफी उन्नत हुई है। इसलयि हतिधारक इसे बदलती प्रौद्योगिकी के अनुरूप रखने हेतु कानूनी ढाँचे के वकिास की मांग कर रहे हैं।

## सुझाव:

- **सहयोगात्मक वनियिमन:**
  - उदार और तकनीकी रूप से नष्पिक्ष तरीके से **स्पेक्ट्रम उपयोग को सक्षम करने वाला नया कानूनी ढाँचा वकिसति करना।**
  - साथ ही केंद्र सरकार को जनता के हति में स्पेक्ट्रम के उपयोग के लयि सहजता की गारंटी देना।
- **आवृत्तिकी रेंज पर पुनर्वचिार:**
  - कानून में आवृत्तिकी रेंज के **पुन: नर्धिारण और सामंजस्य के प्रावधानों को शामलि करने की आवश्यकता है।**
- **सरलीकृत ढाँचा:**
  - आगे वलिय, वघिटन और अधग्रिहण या वभिन्नि प्रकार के पुनर्गठन के लयि ढाँचे को सरल बनाना।
  - सेवा की नरिंतरता और सार्वजनकि हतिों की रक्षा के बीच एक महत्त्वपूर्ण संतुलन बनाना।
- **सुरक्षा बढ़ाना:**
  - सार्वजनकि आपात स्थिति एवं सार्वजनकि सुरक्षा की शर्तों को संबोधति करने तथा राष्ट्रव्यापी सुरक्षा प्रयासों के बीच समन्वय हेतु प्रावधान होना चाहयि।
- **सेवा की नरिंतरता:**
  - दूरसंचार क्षेत्र में दविाला संबंधी मुद्दों के मामले में सेवा की नरिंतरता पर ध्यान केंद्रति कयिा जाना चाहयि।
  - जब तक सेवाएँ प्रदान करना जारी रहता है तथा दूरसंचार लाइसेंस या स्पेक्ट्रम के उपयोग के लयि देय राशकि भुगतान में कोई चूक नहीं होती है, तब तक लाइसेंस के नलिंबन की कार्यवाही नहीं होनी चाहयि।

## भारत में दूरसंचार क्षेत्र की वर्तमान स्थिति:

- **परचिय:**

- दूरसंचार उद्योग को निम्नलिखित उप-क्षेत्रों में विभाजित किया गया है: **इन्फ्रास्ट्रक्चर, उपकरण, मोबाइल वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटर्स (एमएनवीओ), व्हाइट स्पेस स्पेक्ट्रम, 5 जी, टेलीफोन सेवा प्रदाता और ब्रॉडबैंड।**
- भारत में दूरसंचार उद्योग अप्रैल 2022 तक 1.17 बिलियन ग्राहक (वायरलेस + वायरलाइन ग्राहक) आधार के साथ दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा बाज़ार है।
  - ग्रामीण बाज़ार का टेलीघनत्त्व (एक क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक सौ व्यक्तियों के लिये टेलीफोन कनेक्शन की संख्या) 58.16% है, जबकि शहरी बाज़ार का टेलीघनत्व 134.70% है।
- एफडीआई प्रवाह के मामले में दूरसंचार क्षेत्र तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है, जो कुल एफडीआई प्रवाह में 7% योगदान देता है और प्रत्यक्ष रूप से 2.2 मिलियन रोज़गार तथा अप्रत्यक्ष रूप से 1.8 मिलियन नौकरियों में योगदान देता है।
  - 2014 और 2021 के बीच दूरसंचार क्षेत्र में FDI प्रवाह 2002-2014 के दौरान $8.32 बिलियन से 150% बढ़कर 20.72 बिलियन डॉलर हो गया।
- **मुद्दे:**
  - **प्रति उपयोगकर्त्ता औसत राजस्व में गिरावट (ARPU):** ARPU में गिरावट स्थिर रूप से तीव्र है, जो घटते मुनाफे और कुछ मामलों में गंभीर नुकसान के साथ भारतीय दूरसंचार उद्योग को राजस्व बढ़ाने के एकमात्र तरीके के रूप में समेकन के लिये प्रेरित कर रही है।
  - **अर्ध-ग्रामीण और ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार अवसंरचना की कमी:** सेवा प्रदाताओं को अर्ध-ग्रामीण और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिये भारी मात्रा में प्रारंभिक निश्चित लागत को वहन करना पड़ता है।
  - **प्रतिस्पर्द्धा के कारण मार्जिन पर दबाव:** रिलायंस जियो के प्रवेश के बाद प्रतिस्पर्द्धा तेज़ होने के साथ अन्य दूरसंचार कंपनियाँ वॉयस कॉल और डेटा (डेटा ग्राहकों के लिये अधिक महत्त्वपूर्ण) दोनों के लिये टैरिफ दरों में भारी गिरावट महसूस कर रही हैं।
- **सरकार की पहल:**
  - सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के अनुसार, पूरे भारत में 1 मिलियन से अधिक इंटरनेट-सक्षम सामान्य सेवा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य है।
  - टेलीकॉम सेक्टर में FDI की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दी गई है जिसमें से 49% स्वचालित मार्ग के माध्यम से, जबकि शेष विदेशी निवेश सुविधा पोर्टल (FIPB) अनुमोदन मार्ग के माध्यम से किया जाएगा।
  - डार्क फाइबर, इलेक्ट्रॉनिक मेल और वॉइस-मेल की पेशकश करने वाले आधारभूत संरचना प्रदाताओं के लिये 100 प्रतिशत तक की FDI की अनुमति है।
  - वर्ष 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार क्षेत्र में कई संरचनात्मक और प्रक्रिया सुधारों को मंज़ूरी प्रदान की थी।

## आगे की राह

- इस क्षेत्र में विशाल अवसरों को देखते हुए दूरसंचार क्षेत्र में एक सक्रिय और सुविधाजनक सरकारी भूमिका की आवश्यकता है।
  - स्वतंत्र और वैधानिक निकाय, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) को इस क्षेत्र के प्रहरी के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिये।
- TDSAT (दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण) द्वारा एक अधिक सक्रिय और समय पर विवाद समाधान, समय की मांग है।
- नए नियामक अधिनियम में आपातकालीन स्थितियों, सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उपायों पर प्रासंगिक प्रावधान होने चाहिये।
  - इसके अलावा दंड उल्लंघन के अनुपात में होना चाहिये, इसे ध्यान में रखते हुए नए कानून को अद्यतन करने की आवश्यकता है, जिसमें जुर्माने और अपराधों पर विभिन्न प्रावधानों को एक साथ लाया जाना चाहिये।

## UPSC सिविल सेवा विगत पिछले वर्ष के प्रश्न:

**प्रश्न भारत में "सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना" शब्द का प्रयोग किसके संदर्भ में किया जाता है? (2020)**

(a) डिजिटल सुरक्षा अवसंरचना
(b) खाद्य सुरक्षा अवसंरचना
(c) स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा का बुनियादी ढाँचा
(d) दूरसंचार और परिवहन अवसंरचना

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना (PKI) डिजिटल दुनिया में उपयोगकर्त्ताओं और उपकरणों को प्रमाणित करने की एक तकनीक है। इस प्रणाली के तहत एक या अधिक विश्वसनीय पक्ष यह प्रमाणित करते हुए दस्तावेज़ों पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर करते हैं कि एक विशेष क्रिप्टोग्राफिक कुंजी किसी विशेष उपयोगकर्त्ता या डिवाइस से संबंधित है। तब कुंजी को डिजिटल नेटवर्क में उपयोगकर्त्ता के लिये एक पहचान के रूप में उपयोग किया जा सकता है। **अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

## स्रोत: इकॉनोमिक टाइम्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/governing-telecommunication-in-india